Article 355 of the Constitution of India casts a duty on the Union to protect every State not only against external aggression but also internal disturbance and to ensure that the Government of every State is carried on in accordance with the provisions of the Constitution. In the discharge of this duty, the Central Government is expected to keep itself posted with respect to goings-on in the States. Visits of Central officials to the States are part of this process. The Central and State Governments have all along been interacting on issues relating to law and order.

Undertrial Prisooers

3897. SHRI JANARDHANA POOJARY: Will the Minister of HOME AFFAIRS be pleased to state:

(a) the number of undertrial prisoners in jails in the country who have remained there without actually being convicted for three to four years and even more as on 30th June, 1998; and

(b) the measures Government propose to take to ensure that under trials are speedly given justice?

THE MINISTER OF HOME AFFAIRS (SHRI L.K. ADVANI): (a) According to available information, there were 1,80,000 undertrial prisoners in the country as on 31.12.1997. Detailed information regarding the period spent by them in jails is not maintained at the Central level.

(b) Even though 'Prisons' is a State subject as per the Seventh Schedule to the Constitution of India, the Central Government, during its interaction with the State Governments, has been stressing upon them the need for speedy disposal of cases involving undertrial prisoners. The suggestions made in this regard include summary trials of p&tty offences, establishment of special courts in jails and setting up of committees comprising representatives of the Judiciary, Police and Revenue Department to review the cases involving undertrial prisoners.

राज्यों की "टाडा" बन्दियों संबंधी पुनरीक्षा समिति

3898. **श्री ईश दत्त यादव**:

चौधरी हरमोहन सिंह यादव:

क्या गृह मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) उन राज्यों के नाम क्या-क्या है जहां उच्चतम न्यायालय के निर्देशानुसार "टाडा" के अन्तर्गत निरुद्ध व्यक्तियों की रिहाई के लिए पुनरीक्षा समितियों का गठन किया गया है;

(ख) इन पुनरीक्षा समितियों की सिफारिशों पर अब तक राज्य-वार कितने व्यक्तियों को रिहा किया गया है;

(ग) क्या सरकार ने इन पुनरीक्षा समितियों द्वारा की गई सिफारिशों के अनुसार मामलों के गुण-दोष के आधार पर ऐसे कैदियों को रिहा करने के संबंध में राज्य सरकारों हेतु कोई समय सीमा निर्धारित की है;

(घ) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है; और

(ङ) इस समय देश में "टाडा" के अन्तर्गत कितने व्यक्ति जेलों में बन्द हैं?

गृह मंत्री (श्री लाल कृष्ण आडवाणी): (क) और (ख) उच्चतम न्यायालय के निर्देशों के अनुसार, टाडा के मालों की पुनीरक्षा करने हेतु पुनरीक्षा समितियां गठित की गयी हैं। इन राज्यों के नाम तथा पुनरीक्षा करने के बाद जिन व्यक्तियों के खिलाफ टाडा के प्रावधानों को वापस ले लिया गया उनकी संख्या का एक विवरण सदन के पटल पर रखा जाता है। (नीचे देखिए)

(ग) और (घ) माननीय उच्चतम न्यायालय के निर्देशों के अनुसार लंबित टाडा के मामलों की पुनरीक्षा राज्य पुनरीक्षा समितियों और केन्द्रीय पुनरीक्षा समिति द्वारा की गई है।

उपलब्ध सूचना के अनुसार, पुनरीक्षा किए जाने के बाद 23862 व्यक्तियों के खिलाफ टाडा के आरोपों को वापस ले लिया गया है। शेष बचे अधिकांश मामले, आतंकवाद के गंभीर अपराधों से संबंधित हैं। अतः लंबित पड़े इन टाडा मामलों को वापस लेना, जनहित में नहीं होगा।

(ड0) उपलब्ध रिकार्डों के अनुसार, 1094 व्यक्ति निरुद्ध हैं।